Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 242 रायपुर, मंगलवार 24 सितम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

हाईकोर्ट का सवाल: मुख्य सचिव बताएं कि सड़क पर मवेशियों से छुटकारा कब मिलेगा?

बिलासपुर, 24 सितंबर (हाईवे चैनल)। बदहाल सड़क और मवेशियों के चलते होने वाले हादसों को लेकर हाई कोर्ट में लगाई गई जनहित याचिका पर चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में सोमवार को सुनवाई हुई. बेंच ने मुख्य सचिव से शपथपत्र पर यह बताने को कहा है कि सड़कों पर नजर आने वाली मवेशियों से कब तक छुटकारा मिलेगा? कोर्ट ने इसके लिए 15 दिन का समय दिया गया है. जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने शासन से पूछा कि सड़कों पर लगातार आवारा पशु नजर आते हैं. इस पर लगाम कसने नगर निगम, पालिका परिषद वगैरह क्या कर रहे हैं? इसके साथ ही हाई कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि क्या नेशनल हाइवे अथॉरिटी पर ही सड़कों के सुधार का दायित्व है? मामले की अगली सुनवाई अब अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में होगी.

बता दें कि राजेश चिकारा और संजय रजक ने बदहाल सड़कों और मवेशियों के जमावड़े से हादसों पर 2019 में जनहित याचिका लगाई थी. याचिका में कहा गया था कि मुख्य मार्गों और शहर की आम सड़कों पर पशुओं को खुला छोड़ देने की वजह से दुर्घटनाएं हो रही हैं. नेशनल हाइवे पर सबसे ज्यादा खतरनाक स्थिति है, जहाँ अंधेरे में सड़कों पर बैठे जानवरों के कारण बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं. सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है, रोकथाम के लिये भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है. सोमवार सुबह दर्रीघाट से कोरबा की ओर जाने वाले नेशनल हाइवे पर हाइवा चालक ने एक-दो नहीं बल्कि 18 मवेशियों को रौंद दिया था. घटना के बाद लोगों में आक्रोश था. लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दिया था घटना को अंजाम देने वाले हाइवा चालक को सीपत पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.

विडंबना: घायल ग्रामीण को खाट पर लादकर नदी नाले पार करते हुए पहुंचे अस्पताल

कांकेर, 24 सितंबर (हाईवे चैनल)। नारायणपुर जिले में सिस्टम के लाचारी की तस्वीर आई सामने आई, जहां दुर्घटना में घायल को ग्रामीण खाट पर लादकर नदी पार करते नजर आए. घटना नारायणपुर जिले के ओरछा विकासखंड के ग्राम बिरलेयर गांव की है, जहां घायल केयेराम को ग्रामीणों ने कंधे पर लादकर दुर्गम पहाड़ी और नदी-नालों पर पार कर 15 किमी गट्टाकार पहुंचे, जहां सरपंच व अन्य की मदद से टैक्टर व अन्य जरिए से घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां घायल ग्रामीण का उपचार अभी भी जारी है. बताया गया कि बांस के बनाए घेरे में काम करने के लिए केयेराम बल्ली पेट में लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था.

गांव पहुंचने के लिए सड़क व पुल नहीं होने के कारण संजीवनी वाहन का पहुंचना संभव नहीं था, लिहाजा ग्रामीणों ने खाट में केयेराम को लादकर अस्पताल पहुंचे.

ब्रेकिंग न्यूज

जम्मू-कश्मीर में दूसरे चरण के मतदान से पहले सुरक्षा कड़ी हुई

नई दिल्ली, 24 सितम्बर (न्यूज चैनल)। जम्मू-कश्मीर में 25 सितंबर को विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान होना है। मतदान से पहले राजौरी जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जम्मू कश्मीर में दूसरे चरण के चुनाव से पहले सुरक्षा उपायों के तहत कई इलाकों में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से वाहनों की जांच की जा रही है। विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में जम्मू-कश्मीर के छह जिलों की 26 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। जिन सीटों पर चुनाव होंगे वे हैं कंगन (एसटी), गंदेरबल, हजरतबल, खानयार, हब्बाकदल, लाल चौक, चन्नपोरा, जदीबल, ईदगाह, सेंट्रल शाल्टेंग, बडगाम, बीरवाह, खानसाहिब, चरार-ए-शरीफ, चड्डूरा और गुलाबगढ़ (एसटी) शामिल है। यह रियासी, श्री माता वैष्णो देवी, कालाकोट - सुंदरबनी, नौशेरा, राजौरी (एसटी), बुद्धल (एसटी), थन्नामंडी (एसटी), सुरनकोट (एसटी), पुंछ हवेली और मेंढर (एसटी) पर भी आयोजित किया जाएगा।

उप्र में ढाबे-रेस्तरां में काम करने वालों का होगा वेरिफिकेशन

नई दिल्ली, 24 सितम्बर (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य भर में ढाबों-रेस्टोरेंट को लेकर बड़ा आदेश निकाला है। खाद्य विभाग की बैठक में सीएम ने प्रदेश के सभी होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट की गहन जांच और वेरिफिकेशन के निर्देश दिए हैं। खाने-पीने की वस्तुओं में मिलावट को लेकर मुख्यमंत्री ने एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई थी। जो निर्देश दिए गए हैं उसके मुताबिक शेफ और वेटर दोनों को अब ड्यूटी के दौरान मास्क और दस्ताने पहनना आवश्यक होगा, और होटल और रेस्तरां के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त, संचालकों, मालिकों और प्रबंधकों को सभी खाद्य और पेय प्रतिष्ठानों पर अपना नाम और पता स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना होगा, जिसका उद्देश्य जवाबदेही बढ़ाना है। आदेश में यह भी कहा गया है कि खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले किये जाने चहिये।

तिरुपति के बालाजी के बाद मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद के पैकेट में मिले चूहे के बच्चे

नई दिल्ली, 24 सितम्बर (न्यूज चैनल)। तिरुपति के बालाजी मंदिर में प्रसाद की शुद्धता को लेकर चल रहे विवाद के बीच अब मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद की शुद्धता पर भी सवाल उठने लगे हैं। दरअसल, सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद के पैकेट में चूहे के बच्चे पाए गए हैं, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि प्रसाद की देखभाल और रखरखाव में लापरवाही बरती जा रही है। मंदिर ट्रस्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

यह मुद्दा तब सामने आया जब एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें प्रसाद के पैकेट पर चूहे के बच्चे देखे जा सकते हैं। इस वीडियो में यह भी दिखाया गया है कि चूहों ने प्रसाद के पैकेट को कुतर दिया है, जिससे पैकेटों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। यह घटना उस समय हुई है जब तिरुपति के प्रसिद्ध बालाजी मंदिर में लड्डुओं में कथित रूप से पशु चर्बी और मछली के तेल के इस्तेमाल को लेकर पहले से ही देशभर में हंगामा मचा हुआ है। देश के कई मंदिरों में अब प्रसाद की शुद्धता की जांच की जा रही है या जांच की मांग उठाई जा रही है। सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और जल्द ही इस पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की संभावना है। बताया जा रहा है कि ट्रस्ट इस मामले की जांच कर रहा है और उचित कार्रवाई की जाएगी।

मथुरा में भी हड़कंप! 15 दुकानों से 43 नमूने लिए गए

उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में भगवान श्रीकृष्ण (ठाकुर जी) पर चढ़ाए जाने वाले भोग-प्रसाद की गुणवत्ता को लेकर चिंतित सरकार के आदेश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सोमवार को अभियान की शुरुआत करते हुए मथुरा और वृन्दावन के धर्मस्थलों के निकट एवं अन्य स्थानों पर मिठाई की 15 दुकानों के खाद्य पदार्थों के 43 नमूने एकत्र किए। उनमें से पेड़े के एक नमूने में मिलावटी सामग्री का इस्तेमाल किए जाने की आशंका पर विस्तृत जांच के लिए उसे लखनऊ स्थित राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को मथुरा व वृन्दावन के अनेक स्थानों पर चलाए गए सैंपलिंग अभियान में कुल 15 विक्रेताओं के यहां से कुल 43 नमूने एकत्र किए गए। जिनमें दूध से बनी मिठाईयां व अन्य पदार्थ, पनीर, पेड़ा, बर्फी, मिल्क केक, रसगुल्ला, इमरती, सोनपापड़ी, अन्य मिठाईयां तथा मसाले आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मथुरा में आज भी श्रीकृष्ण जन्मस्थान के सामने स्थित बाजार की दुकानों व नए बस स्टैंड के आसपास की दुकानों तथा वृन्दावन में बांकेबिहारी मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर विद्यापीठ चौराहे के आसपास की दुकानों से नमूने लिए गए।

पति को छोड़ा तो प्रेमी ने हत्या कर लाश के 22 टुकड़े फ्रीज में किए स्टोर

नई दिल्ली, 24 सितम्बर (न्यूज चैनल)। बेंगलुरु की 29 वर्षीय महिला महालक्ष्मी, जिसका क्षत-विक्षत शव उसके फ्लैट के रेफ्रिजरेटर में मिला था, के अलग हुए पति हेमंत दास ने दावा किया है कि उसकी पत्नी के किसी व्यक्ति के साथ अवैध संबंध थे, और इस हत्या में उस व्यक्ति की भूमिका हो सकती है।

लव ट्रायंगल की खौफनाक कृत्य

मीडिया से बात करते हुए हेमंत दास ने उत्तराखंड के रहने वाले अशरफ नामक व्यक्ति पर शक जताया। दास के मुताबिक, कुछ महीने पहले बेंगलुरु के एक स्थानीय पुलिस स्टेशन में अशरफ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। दास और महालक्ष्मी की शादी को छह साल हो चुके थे, और उनकी एक बेटी भी है। घरेलू विवादों के कारण 9 महीने पहले दोनों अलग हो गए थे। दास ने बताया, अशरफ उत्तराखंड से है और एक नाई की दुकान पर काम करता है। मुझे अप्रैल या मई 2023 में महालक्ष्मी के अशरफ के साथ अवैध संबंधों के बारे में पता चला था। यह कोई शक नहीं था, मुझे यकीन था। महालक्ष्मी ने मुझे इस बारे में कुछ नहीं बताया था। हेमंत ने यह भी बताया कि वह महालक्ष्मी से करीब 25-30 दिन पहले आखिरी बार मिला था, जब वह उसकी दुकान पर आई थी। महालक्ष्मी का शव 22 सितंबर को बेंगलुरु के ब्यालिकावल इलाके में स्थित एक कमरे के फ्लैट से बरामद किया गया। पुलिस को पता चला कि उसके शरीर के 30 टुकड़े कर रेफ्रिजरेटर में रखे गए थे। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने इस घटना पर कहा कि मामले के मुख्य संदिग्ध की पहचान कर ली गई है और उसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। सोमवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, हमने कुछ जानकारी जुटाई है, लेकिन फिलहाल ज्यादा खुलासा नहीं कर सकते। संदिग्ध पश्चिम बंगाल से है।

सुबह-सुबह जवानों और नक्सलियों में मुठभेड़

सुकमा, 24 सितंबर (हाईवे चैनल)। सुरक्षाबल बस्तर से नक्सलियों को धराशाई करने में जुटे हैं. इस कड़ी में चिंतलनार थाना क्षेत्र के कर्कनगुड़ा इलाके में सुबह हुई मुठभेड़ में डीआरजी, सीआरपीएफ़ और कोबरा के जवानों ने नक्सलियों भागने के लिए मजबूर कर दिया. मुठभेड़ के बाद तलाशी अभियान जारी है। बता दें कि सुरक्षाबल नक्सलियों को प्रदेश से खत्म करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं. सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो पुरुष और एक महिला नक्सली को मार गिराया था. घटना स्थल से जवानों ने एके-47 और गोला-बारूद बरामद किया था।

आरबीआई जल्द घटा सकता है रेपो रेट

नई दिल्ली, 24 सितम्बर (न्यूज चैनल)। अमेरिका में 4 साल बाद ब्याज दरों में कटौती की शुरुआत हो गई है, और मुद्रास्फीति में नरमी को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक भी जल्द ही रेपो रेट घटा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अक्टूबर या दिसंबर में आरबीआई की मौद्रिक नीति बैठक के दौरान ब्याज दरों में कटौती की संभावना है। इस समय लंबी अवधि की बैंक स्नष्ट बुक करने का सही मौका है, क्योंकि ब्याज दरें अभी ऊंचे स्तर पर हैं। रेपो रेट में कटौती के बाद बैंक अपनी एफडी दरें भी घटा सकते हैं। जो लोग सुरक्षित निवेश के विकल्प तलाश रहे हैं, उनके लिए यह समय लंबी अवधि की बैंक स्नष्ट (फिक्स्ड डिपॉजिट) बुक करने का सही मौका है, क्योंकि इस समय एफडी पर ब्याज दरें ऊंचे स्तर पर हैं। एक बार रेपो रेट में कटौती के बाद, बैंकों की एफडी दरें भी कम हो सकती हैं।

रेस्ट हाउस में वन विभाग की रेड, अवैध सागौन लकड़ी जब्त

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, 24 सितंबर (हाईवे चैनल)। मरवाही वन मंडल के गौरेला वन परिक्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के निर्माणाधीन रेस्ट हाउस में वन विभाग की टीम ने छापा मारकर बड़ी मात्रा में अवैध सागौन लकड़ी जब्त की है। वन विभाग को सूचना मिली थी कि पेंड्रारोड गुरुकुल के नए बन रहे रेस्ट हाउस में बिना किसी वैध दस्तावेज के सागौन की लकड़ी का उपयोग किया जा रहा है। मौके पर पहुंची टीम ने लकड़ी से बने दरवाजे, खिड़कियां, फाटक और अन्य फर्नीचर जब्त किए हैं।

वन विभाग की कार्रवाई के दौरान मौके पर लोक निर्माण विभाग का कोई भी अधिकारी, इंजीनियर या ठेकेदार मौजूद नहीं था। वे जांच टीम के बुलाने पर भी नहीं पहुंचे। वन विभाग का कहना है कि जब्त की गई सागौन की लकड़ी पूरी तरह से अवैध है और बिना किसी वैध दस्तावेजों के उपयोग की जा रही थी। छापामारी के दौरान लगभग 12 से 15 लाख रुपये की अवैध लकड़ी से बने दरवाजे और खिड़कियों का निर्माण होते पाया गया। गौरेला के रेंजर योगेश्वर प्रसाद बंजारे ने बताया कि कुल 4.8 घन मीटर लकड़ी जब्त की गई है, जिसमें से 3.4 घन मीटर लकड़ी से दरवाजे बनाए जा चुके थे। प्रथम दृष्टया यह सारी लकड़ी अवैध है। अब तक किसी ने भी इन लकड़ियों पर अपना दावा नहीं किया है, जिससे इसके अवैध होने की पुष्टि होती है।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, आतिशी कह रही हैं कि मुख्यमंत्री की कुर्सी अरविन्द केजरीवाल का इंतजार करेगी।

चुहिया- हां जी, कुर्सी तो लकड़ी की है वह इंतजार नहीं जानती, हां केजरीवाल जरूर कुर्सी का इंतजार करेंगे।

2 माह की छुट्टियों के वेतन पर लगाई रोक

मिड-डे मील कर्मियों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

नई दिल्ली, 24 सितम्बर (न्यूज चैनल)। हिमाचल प्रदेश के हजारों मिड-डे मील कर्मियों को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें मिड-डे मील कर्मियों को दो माह की छुट्टियों का वेतन अदा करने का आदेश दिया गया था। प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी थी कि हाईकोर्ट ने 2 माह की छुट्टियों का वेतन देने का आदेश देकर मिड-डे मील कर्मियों के साथ हुए करार को बदल दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रथम दृष्टया सरकार की इस दलील से सहमति जताते हुए हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने के आदेश जारी किए।

मिड-डे मील कर्मी सरकार से 2 माह की छुट्टियों का वेतन देने की मांग कर रहे थे, जबकि इन्हें सरकार केवल 10 माह का वेतन ही देती है। मिड-डे मील कर्मियों के संघ ने पूरे साल का वेतन मांगते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि यूनियन के साथ शिक्षा विभाग भेदभाव कर रहा है। शिक्षा विभाग में कार्यरत अन्य शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मचारियों को भी पूरे साल का वेतन दिया जाता है, लेकिन उन्हें 10 महीनों का वेतन दिया जा रहा है। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने इसे संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन बताते हुए याचिका को स्वीकार किया और सरकारी स्कूलों में हजारों की संख्या में तैनात मिड-डे मील वर्करों को 10 माह की जगह 12 माह का वेतन दिए जाने के आदेश दिए थे। वहीं प्रदेश सरकार का कहना था कि यह केंद्र सरकार की योजना है, ऐसे में प्रदेश सरकार इस योजना के तहत अपने स्तर पर इन्हें पूरे साल का वेतन नहीं दे सकती। इस दलील को खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा था कि जब प्रदेश सरकार अपने स्तर पर इन वर्करों के वेतन को बढ़ा सकती है तो पूरे साल का वेतन क्यों नहीं दे सकती।

शिवनाथ नदी में बहे 2 युवक एक का शव बरामद

दुर्ग, 24 सितंबर (हाईवे चैनल)। मोहननगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उरला में शिवनाथ नदी में बने एनिकट में एक्टिवा सहित दो लोगों के बह जाने की खबर सामने आई है। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने नदी से एक युवक का शव बरामद कर लिया है। मृतक की पहचान सियाराम ४८ वर्ष पिता इंद्रजीत ग्राम भेड़सर निवासी के रुप में की गई है,जबकि नदी में बहे दूसरे युवक की तलाश जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक शिवनाथ नदी के एनीकेट में एाटिवा सहित दो युवकों के बहने की पुलिस कंट्रोल रुम से एसडीआरएफ टीम को सूचना मिली थी। सूचना पर एसडीआरएफ टीम ने नदी में डुबे युवकों की तलाश की। जिसमें से सियाराम का शव बरामद कर लिया गया है।